राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

महामहिम राज्यपाल ने 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को शुभकामनाएँ दी

पटना, 07 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' (8 मार्च) के अवसर पर बिहार प्रदेश एवं भारतवर्ष की समस्त महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

महामहिम राज्यपाल ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं समाज में महिलाओं को सदैव समुचित सम्मान प्राप्त रहा है। देश की आधी आबादी के समुचित और सर्वांगीण विकास हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार पूर्ण तत्पर एवं प्रयत्नशील हैं। महिला सशक्तीकरण हेतु विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी नागरिक एवं देशवासी अपने व्यक्तिगत, सामूहिक एवं सांस्थिक प्रयासों के माध्यम से महिलाओं के समग्र विकास एवं कल्याण के लिए दृढ़संकल्पित होंगे।

....